[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 18 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 238, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**{अनमोल वचन}**

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

आदर्श विद्या मंदिर सुंथडी ... 02

03 प्रभारी सचिव खजान सिंह ...

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर में शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण

## लाभार्थियों से लिया फीडबैक, अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिविरों के माध्यम से मिल रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी लक्ष्य को लेकर प्रदेशभर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेवा शिविरों के माध्यम से पट्टा वितरण, नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। जिन मामलों में अतिरिक्त प्रक्रिया या जांच की आवश्यकता होगी, उनके लिए फॉलोअप शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका समाधान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं तथा वंचित वर्गों को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पार्क, सड़क, नाली, सीवरेज, बिजली एवं अन्य नगरीय सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में सेवा शिविरों का लाभ लेने तथा अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी शिविरों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की सामूहिक भागीदारी से ही इन शिविरों का उद्देश्य सफल हो सकेगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति पत्र, सहायता राशि के चेक वितरित किए तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए। लाभार्थियों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, उदयलाल डांगी, श्रीचंद कृपलानी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।













## खबर संक्षेप

### उदयपुर के डॉ. निर्मल यादव राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर के प्रख्यात कलाकार डॉ. निर्मल यादव को कला क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने उन्हें मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान प्रदान किया। डॉ. यादव देशभर से चयनित 13 कलाकारों में शामिल रहे, जिन्हें 4 से 14 जून तक आयोजित 10 दिवसीय आर्ट रेजिडेंसी में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट कला शैली और विभिन्न कला माध्यमों में अनुभव का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कलाकारों से संवाद कर उनकी कला एवं शैली के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर डॉ. यादव ने राष्ट्रपति को अपनी लघुचित्र शैली की एक कलाकृति भेंट की। डॉ. यादव की इस उपलब्धि पर कला जगत एवं उदयपुरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



### गुलाबबाग में हुआ योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से बुधवार को गुलाबबाग में योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. संजय माहेश्वरी एवं डॉ. शुभा सुराणा के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डॉ. शोभालाल औदीच्य, योगी अशोक जैन, डॉ. भानुकुमार जैन, डॉ. विक्रम खराड़ी, पूरण सिंह राठौड़, प्रेम जैन, शारदा जालोरा, जिग्नेश शर्मा सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि 21 जून तक योग जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। सहायक निदेशक डॉ. भानुकुमार जैन ने आमजन से योग कार्यक्रमों में सहभागिता कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य आयोजन गांधी ग्राउंड, चेतक सर्कल पर आयोजित होगा।



### संगीत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** गुलाब बाग स्थित अबुर्दा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित संगीत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं अंक तालिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र हरिहर दाधीच को सर्वश्रेष्ठ बांसुरी वादन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. सरिता जैन थीं। कार्यक्रम में मनस्वी सोनी, नीलम वैष्णव, प्रीति सालवी, नितिन लोहार, वंशिका कुमावत, मनाली पुरबिया, रीत जैन, निकिता अग्रवाल, आराध्या वैष्णव एवं सौम्य जैन को उनकी शैक्षणिक एवं संगीत उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. सरिता जैन ने कहा कि संगीत विद्यार्थियों में अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करता है। कार्यक्रम में भक्ति, शास्त्रीय एवं वाद्य संगीत की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विवेक अग्रवाल ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।



## डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के सान्निध्य में मोती मगरी स्मारक पर श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती

### 486 दीपों का प्रज्ज्वलन, 486 किलोग्राम लड्डुओं का भोग अर्पित, युवाओं को राष्ट्रसेवा का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भारतीय पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया के पावन अवसर पर महाराणा प्रताप स्मारक समिति, मोती मगरी, उदयपुर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाई गई। जयंती समारोह में मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा।

इस अवसर पर मोती मगरी स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारूढ़ प्रतिमा को आकर्षक पुष्प सज्जा एवं माल्यार्पण से अलंकृत किया गया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती पर विशेष पूजा-



अर्चना संपन्न कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जयंती के उपलक्ष्य में 486 दीप प्रज्ज्वलित किए गए तथा 486 किलोग्राम लड्डुओं का विशेष भोग अर्पित किया गया। स्मारक परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं इतिहास प्रेमियों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

महाराणा प्रताप स्मारक समिति के प्रशासनिक अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि समिति के अध्यक्ष श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ के निर्देशानुसार जयंती के अवसर पर प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक सभी श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रनिष्ठा और संघर्ष की अमर गाथा है। युवा पीढ़ी उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण, समाजसेवा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने तथा स्वाभिमान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमान, त्याग, शौर्य और राष्ट्र चेतना के शाश्वत प्रतीक हैं। उनका जीवन देशभक्ति, संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने प्रदेशवासियों से महाराणा प्रताप के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



## महाराणा प्रताप जयंती पर राज्यपाल ने किया श्रद्धा नमन, आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोकभवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण के प्रतीक थे। उन्होंने अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया और मेवाड़ की आन-बान-शान को अक्षुण्ण रखा।



राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण एवं विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## संवेदनशील पुलिसिंग का उदाहरण: प्रदेशभर में गुम व अपहृत बच्चों को परिजनों से मिलाया

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस ने संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में गुम एवं अपहृत बच्चों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया है। पुलिस की तत्परता से कई परिवारों के चेहरों पर फिर मुस्कान लौटी है। रीवा, खरगोन, धार, गुना, भोपाल, मुरैना और देवास जिलों में पुलिस टीमों ने विशेष अभियान चलाकर कई नाबालिग बालक-बालिकाओं को सुरक्षित खोज निकाला। अधिकांश मामलों में पुलिस ने कुछ घंटों से लेकर 24 घंटे के भीतर बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। देवास जिले में ह्यऑपरेशन मुस्कानह्व के तहत दो अपहृत बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया गया, जबकि भोपाल में घर से नाराज होकर गई एक नाबालिग बालिका को रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस ने कहा कि गुम एवं अपहृत बच्चों की शीघ्र तलाश सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी बच्चे के गुम होने या संदिग्ध परिस्थिति की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाने अथवा डायल-112 पर दें।

### गींगला थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

## बोलेरो में तस्करी कर ले जाई जा रही 29 कार्टन अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** जिले में अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गींगला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन में परिवहन की जा रही 29 कार्टन अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब से भरे वाहन को भी जब्त कर लिया है तथा मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

पुलिस अधीक्षक विश्नाराम विश्नोई के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों, शराब तस्करों एवं लोकल-स्पेशल एक्ट के तहत वांछित गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं वृत्ताधिकारी हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में गींगला थानाधिकारी धर्मेंद्रसिंह वाघेला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में विशेष नाकाबंदी की जा रही थी।





16 जून 2026 को रात करीब 9 बजे प्रताप तिराहा गींगला क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की बोलेरो वाहन संख्या आरजे 27 यूए 1462 को गींगला से गुड़ेल की ओर जाते हुए रुकवाकर जांच की गई। पुलिस को वाहन पर संदेह होने पर उसकी गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी एवं देशी शराब भरी हुई मिली।

पुलिस ने वाहन से कुल 29 कार्टन शराब बरामद की। इनमें 20 कार्टन किंगफिशर बीयर शामिल थी, जिनमें प्रत्येक कार्टन में 650 एमएल की 12-12 बोतलें भरी हुई थीं। इसके अतिरिक्त एक कार्टन मैकडॉवेल व्हिस्की, तीन कार्टन कंट्री क्लब ब्रांड शराब, एक कार्टन वेंटेज ड्राई जिन, एक कार्टन व्हाइट लेक ब्रांड शराब तथा तीन कार्टन देशी मदिरा बरामद की गई। बरामद शराब का परिवहन बिना किसी वैध अनुमति एवं दस्तावेजों के किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने खेता पुत्र मेघाजी मीणा उम्र 54 वर्ष निवासी वाजुवा फला, राठौड़ों का गुड़ा, थाना गींगला, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से शराब के स्रोत, खरीद-फरोख्त एवं संभावित तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रात के अंधेरे में बड़ी चोरी की साजिश नाकाम:

# घर में घुसे दो शातिर चोर गिरफ्तार, गींगला पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान




के तहत गींगला थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए रात के समय एक मकान में घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ी चोरी की वारदात होने से पहले ही टल गई। पुलिस अधीक्षक विश्नाराम विश्नोई के निर्देशन में जिलेभर में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं वृत्ताधिकारी हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में गींगला थानाधिकारी धर्मेंद्रसिंह वाघेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार सामतियोत निवासी महावीर पुत्र भेराजी मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जून 2026 की रात वह अपने परिवार के साथ मकान की छत पर सो रहा था। रात करीब तीन बजे उसे घर के नीचे से संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं। नीचे जाकर देखा तो दो युवक मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस चुके थे और घर में रखी पेटियों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे।

मकान मालिक द्वारा शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से भागने लगे। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और आरोपियों का पीछा किया। पीछा करने के दौरान एक आरोपी गिर गया, जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नाथू पुत्र देवा मीणा निवासी दौलपुरा बताया। आरोपी ने अपने साथी का नाम नाया पुत्र हरजा मीणा निवासी दौलपुरा बताया तथा दोनों द्वारा चोरी की नीयत से घर में घुसना स्वीकार किया। सूचना मिलने पर गींगला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू की। बाद में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि यदि समय रहते परिवार की नींद नहीं खुलती और ग्रामीण सक्रियता नहीं दिखाते तो आरोपी घर में रखे कीमती सामान को चोरी कर ले जाते। पुलिस ने नाथू पुत्र देवा मीणा एवं नाया पुत्र हरजा मीणा निवासी दौलपुरा, थाना गींगला, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है तथा आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना पशुपालक परिवार के लिए सुरक्षा का संबल

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन




के लिए राहत और भरोसे का माध्यम बन रहे हैं। उपखंड कुम्भलगढ़ की ग्राम पंचायत गजपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत एक पशुपालक परिवार को बड़ी राहत मिली।

ग्राम पंचायत गजपुर निवासी मोहनलाल लोहार ने बताया कि कृषि एवं पशुपालन उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन है। उनके पास दो दूध देने वाली भैंसें हैं, जिनसे होने वाला दूध उत्पादन परिवार की नियमित आय का आधार है। पशुओं में बीमारी अथवा दुर्घटना की आशंका के कारण उन्हें पशुधन की सुरक्षा की चिंता बनी रहती थी। उन्होंने पशुओं का बीमा कराने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

राजकीय पशु चिकित्सालय सायों का खेड़ा के प्रभारी डॉ. चुनाराम तर्ड ने उन्हें मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी दी। इसके बाद ग्राम पंचायत गजपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में उनकी दोनों भैंसों का 40-40 हजार रुपये की बीमा सुरक्षा राशि के साथ बीमा किया गया तथा मौके पर ही बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराई गई।

बीमा पॉलिसी प्राप्त होने पर मोहनलाल लोहार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने पशुधन की सुरक्षा को लेकर काफी राहत मिली है। उन्होंने राज्य सरकार, पशुपालन विभाग एवं जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

# IIDEM के 15वें स्थापना दिवस पर क्षमता निर्माण एवं निर्वाचन प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

## नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में देशभर के 450 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग, राजस्थान के अधिकारियों की रही सक्रिय सहभागिता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (IIIDEM) के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर 16 एवं 17 जून को नई दिल्ली में क्षमता निर्माण एवं रणनीतिक रोडमैप विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में निर्वाचन प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं लोकतांत्रिक शासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक मंथन किया गया।

कार्यक्रम में 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 250 राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक, शैक्षणिक साझेदार, निर्वाचन आयोग के अधिकारी, ~~कक्क~~ उत्ट के प्रतिभागी तथा दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल रहे। सम्मेलन का उद्देश्य निर्वाचन क्षमता निर्माण की उपलब्धियों की समीक्षा, उभरती चुनौतियों पर चर्चा तथा भविष्य की रणनीति तय करना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान से राज्य प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रौनक बैरागी (आरएएस), राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक प्रतिभा







पारीक (आरएएस), जयप्रकाश नारायण (आरएएस), अंतुश्री पूनिया (आरएएस), ओएसडी (प्रशिक्षण) डॉ. रेणु पूनिया तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत भादु ने भाग लिया।

पूर्ण अधिवेशन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने IIIDEM को निर्वाचन प्रशिक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में 15 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान संस्थान लगभग 1.8 करोड़ अधिकारियों के प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया संविधान, कानूनों एवं निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप संचालित हो सके। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका के बीच IIIDEM वैश्विक निर्वाचन प्रबंधन प्रशिक्षण के प्रमुख संस्थान के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर सकता है।

IIIDEM के महानिदेशक राकेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थान निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं शोधकताओं को ज्ञान निर्माण और आदान-प्रदान का प्रभावी मंच उपलब्ध करा रहा है।

सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने, वैश्विक सहभागिताओं का विस्तार करने, अनुसंधान एवं ज्ञान विकास को प्रोत्साहित करने तथा सतत लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन को बढ़ावा देने जैसे चार प्रमुख रणनीतिक स्तंभों पर चर्चा की गई।

पहले दिन राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति के मसौदे, राज्य एवं जिला स्तर के प्रशिक्षण मानकों, निर्वाचन प्रबंधन निकायों के लिए नए कार्यक्रमों तथा मतदाता जागरूकता से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। दूसरे दिन राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

वर्ष 2011 से अब तक IIIDEM ने 1,885 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनके माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख 20 हजार 883 प्रतिभागियों तक पहुंच बनाई गई है। संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां वर्तमान में 142 देशों तक विस्तारित हैं।

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय साझेदार संस्थाओं के सहयोग से IIIDEM लोकतांत्रिक शासन, निर्वाचन प्रबंधन, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं ज्ञान विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए विश्वभर में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

# आदर्श विद्या मंदिर सुंथडी का शुभारंभ 23 जून को

## क्षेत्र प्रचारक निंबाराम एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां रहेगें उपस्थित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। आदर्श विद्या मंदिर ग्राम सुंथडी में प्रस्तावित कुसुमदेवी भूरसिंह राव बोरली आदर्श विद्या मंदिर के नवीन भवन शिलान्यास समारोह मंगलवार को होना निश्चित हुआ है।

जिसकी तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्या भारती से संबद्ध आदर्श विद्या मंदिरों में ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम सुंथडी तहसील चितलवाना में विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह मंगलवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि बैठक में भामाशाह परिवार के रूप में श्रवणसिंह एवं सतीशसिंह पुत्र मदरूपसिंह राव बोरली के शिक्षा क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके सहयोग एवं



संकल्प से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समाजहित एवं शिक्षाहित में उनका योगदान अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। बैठक में विद्यालय परिवार, विद्या भारती से जुड़े कार्यकर्ता, अभिभावक एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में भामाशाह श्रवणसिंह राव बोरली, सतीशसिंह राव सहित राणा देवीसिंह सुराचंद, अजयकुमार, वन्नेसिंह गोहिल, प्रकाश पुरोहित खिरोडी, अंबाराम पुरोहित, सांवलाराम माली, जानकीप्रसाद गुप्ता, ईश्वरसिंह राव, अर्जुनसिंह सरवाणा, भावेश त्रिवेदी, उदाराम वैष्णव, ओखाराम, बंशीलाल खोरवाल, देवराज चौधरी, सतीशसिंह राव, मानाराम, संपतराज टाक, कांतिलाल सूर्या, चौथाराम कोली, दिनेशचंद गौड़, पहाडसिंह राव एवं सांवलाराम सुथार सहित कई कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित रहें।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होगा भव्य योग एवं ध्यान कार्यक्रम

## योग, प्राणायाम और हार्टफुलनेस ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का मिलेगा संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान तथा श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सहयोग से 21 जून को प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक श्री भवानी निकेतन ग्राउंड, सीकर रोड, जयपुर में भव्य योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आमजन को परिवार सहित भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। योग स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक मुद्राओं तथा रिलेक्सेशन तकनीकों का अभ्यास कराया जाएगा।


कार्यक्रम में हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के माध्यम से ध्यान की सरल विधि और उसका व्यावहारिक अनुभव भी कराया जाएगा। साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए ब्राइटर माइंड्स गतिविधि का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से एकाग्रता, स्मरण शक्ति, मानसिक क्षमता और मस्तिष्क विकास से जुड़े विशेष अभ्यासों की जानकारी दी जाएगी।

आयोजकों के अनुसार हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र विश्व के 160 देशों में संचालित हैं। संस्था का वैश्विक मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है, जहां विश्व का सबसे बड़ा मेडिटेशन हॉल स्थापित है। जयपुर में भी अजमेर रोड पर इसका प्रमुख केंद्र संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में योगासन एवं प्राणायाम, स्वास्थ्यवर्धक हस्त मुद्राओं का अभ्यास, रिलेक्सेशन तकनीक, निर्देशित ध्यान, ध्यान की विधि का प्रशिक्षण तथा बच्चों के लिए विशेष मानसिक विकास गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 6350105055 जारी किया गया है।

# डॉ. पुष्पा खमेसरा को वूमेन अचीवर ऑफ द ईयर सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** हिंदुस्तान बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा जयपुर में आयोजित हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड 2026 समारोह में उदयपुर की प्रसिद्ध डाक टिकट संग्राहक डॉ. पुष्पा खमेसरा को डाक टिकट संग्रह (फिलेटली) के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और विभिन्न



रिकॉर्ड्स के लिए वूमेन अचीवर ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। जयपुर के स्वर्ण महल में आयोजित समारोह में देशभर से लगभग 250 प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. खमेसरा लंबे समय से डाक टिकट संग्रह के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विषयों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार का कार्य कर रही हैं। उनके नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। यह सम्मान डॉ. खमेसरा की उपलब्धियों के साथ उदयपुर और राजस्थान के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है।

# सफलता की कहानी : ग्रामीण सेवा शिविर बना खुशियों का द्वार, वर्षों पुरानी आवासीय पट्टे की समस्या का हुआ समाधान

## आबादी पट्टा मिलने से खानूराम के परिवार को मिली बड़ी राहत, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**सलूम्बर।** राज्य सरकार के निदेशानुसार आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत ढाईखेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक परिवार की वर्षों पुरानी आवासीय पट्टे की समस्या का मौके पर समाधान होने से लाभार्थी के चेहरे पर खुशी लौट आई।

ग्राम ढाईखेड़ा निवासी खानूराम पुत्र रामलाल ने अपने पुश्तैनी मकान का आबादी पट्टा जारी कराने के लिए शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। लंबे समय से पट्टा नहीं मिलने के कारण परिवार को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।




शिविर में मामला सामने आने पर शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी लसाड़िया के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर मौके पर ही आबादी पट्टा जारी कर लाभार्थी को सौंप दिया। आवासीय पट्टा प्राप्त होने पर खानूराम एवं उनके परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित समस्या का समाधान शिविर में ही हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर वास्तव में आमजन को राहत पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

शिविर के दौरान धरियावद विधायक थावरचंद मीणा, प्रभारी सचिव खजान सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने भी सेवा शिविरों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, बल्कि प्रशासन स्वयं गांव पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है।

# बिहार केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, कदाचार के आरोप में 37 अभ्यर्थी पकड़े गए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

पटना। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रथम चरण की लिखित परीक्षा बुधवार को राज्यभर में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया।

केंद्रीय चयन पर्षद के अनुसार विज्ञापन संख्या 03/2025 के तहत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में परिवहन सिपाही के कुल 4,236 पदों पर भर्ती के लिए प्रथम चरण की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा राज्य के सभी जिलों में कुल 544 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई।

परीक्षा में कुल 11 लाख 4 हजार 473 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जबकि दोनों पालियों को मिलाकर 5 लाख 52 हजार 237 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के




लिए सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन, फोटो मिलान एवं वीडियोग्राफी कराई गई। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से की गई। इसके लिए केंद्रीय चयन पर्षद मुख्यालय में विशेष कमांड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, जहां से सभी केंद्रों पर नजर रखी गई।

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग कराई गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई।

परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में कुल 37 अभ्यर्थी पकड़े गए। इनमें से 28 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 4 अभ्यर्थियों को निष्कासित कर दिया गया। वहीं 30 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर कुल 33 अभ्युक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पर्षद ने बताया कि परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब अगली लिखित परीक्षा 24 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए की गई सभी व्यवस्थाएं आगामी परीक्षाओं में भी लागू रहेंगी। केंद्रीय चयन पर्षद ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के कदाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रभारी सचिव खजान सिंह ने की सेवा शिविरों की समीक्षा, प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

## शिविरों की सफलता के लिए विभागीय समन्वय जरूरी, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** प्रभारी सचिव खजान सिंह की अध्यक्षता में शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिविरों के प्रभावी संचालन एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

प्रभारी सचिव खजान सिंह ने कहा कि राजस्व विभाग एवं नगर परिषद सेवा शिविरों के प्रमुख विभाग हैं, जिन्हें अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेहनत, समर्पण और परिणाम आधारित कार्यशैली से ही शिविरों का उद्देश्य सफल हो सकेगा।

बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अपने प्रशासनिक अनुभव साझा किए तथा अधिकारियों को नवाचार और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की सलाह दी। स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा के दौरान कच्ची बस्तियों के लंबित पट्टा प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा नगर परिषद आयुक्त को क्षेत्र भ्रमण कर वास्तविक स्थिति के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए।




जिला परिषद को स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खुलवाने, पात्र परिवारों को आवासीय पट्टों के वितरण तथा ग्राम सेवकों से नियमित रिपोर्ट प्राप्त कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने तथा टीबी रोगियों को ग्राम पंचायतवार चिन्हित कर शिविरों के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुओं की श्रेणीवार रिपोर्ट तैयार करने तथा ऊर्जा विभाग को लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को विद्यालय भवनों की स्थापना एवं मरम्मत संबंधी आवश्यकताओं की सूची सार्वजनिक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल समस्याओं एवं संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शिविरों के उद्देश्यों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करें।



### ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

समीक्षा बैठक के उपरांत जिला स्तरीय अधिकारी लसाड़िया ब्लॉक की ढाईखेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक साथ बस द्वारा पहुंचे। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य ईंधन बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा सामूहिक परिवहन को बढ़ावा देना रहा।

अधिकारियों ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। एक साथ बस से यात्रा करने से सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग हुआ और आमजन तक पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश भी पहुंचा। ग्रामीण सेवा शिविर में अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं का समाधान किया तथा आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में अनुकरणीय कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती पर जयपुरिया अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जयपुरिया अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में




राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पहुंचे और रक्तदाताओं को सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। राज्यपाल ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने में रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने रक्तदाताओं, चिकित्सकों और तकनीकी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री का उदयपुर आगमन, हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु:शती समारोह में हुए शामिल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचे। वे विशेष विमान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचे, जहां



जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सांसद सी.पी. जोशी, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, विधायक उदयलाल डांगी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल एवं एसपी डॉ. अमृता दुहन सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। सर्किट हाउस में अल्प प्रवास के बाद मुख्यमंत्री महाराणा भूपाल स्टेडियम, गांधी ग्राउंड पहुंचे, जहां उन्होंने हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुःशती समारोह में भाग लिया।

### गुना के डायल-112 जवानों ने दिखाई तत्परता, सड़क दुर्घटना में घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** गुना जिले के थाना विजयपुर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित कार्रवाई से सड़क दुर्घटना में घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि लाहौरी ऑटो पार्क के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर डायल-112 एफआरव्ही वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा। प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं पायलट राम लखन मीणा ने घायल महिला को तत्काल एफआरव्ही वाहन से शासकीय चिकित्सालय सांडा पहुंचाया, जहां उसे समय पर उपचार मिल सका। मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा की इस संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर आपात परिस्थितियों में आमजन की सहायता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता सामने आई।

### संविदा भर्ती व्यवस्था पर उठे सवाल, ठेका कर्मचारियों ने की नियमितीकरण की मांग

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों और नर्सिंगकर्मियों ने भर्ती व्यवस्था तथा बोनस अंकों की प्रक्रिया को लेकर नाराजगी जताई है। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेका एवं प्लेसमेंट एजेंसी व्यवस्था के कारण उन्हें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। ठेका कर्मचारी नेता भूपेश डांगी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में नियमित कर्मचारियों के समान कार्य लेने के बावजूद संविदाकर्मियों को बहुत कम मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईपीएफ, ईएसआई और अन्य कटौतियों के बाद कर्मचारियों को मिलने वाली राशि काफी कम रह जाती है। कर्मचारी प्रतिनिधि यशवंत ने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए।

# पालक चीज कॉर्न मिनी डोसा बना बच्चों और बड़ों की पसंद, स्वाद के साथ सेहत का भी खजाना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** स्वाद और सेहत का बेहतरीन संगम माने जाने वाले पालक चीज कॉर्न मिनी डोसा को फूड ब्लॉगर श्वेता ईनाणी ने घर पर आसानी से तैयार होने वाली पौष्टिक रेसिपी बताया है। यह डिश विशेष रूप से बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसमें पालक, गाजर, कॉर्न और चीज जैसे पोषक तत्व शामिल हैं। श्वेता ईनाणी ने बताया कि इस रेसिपी को तैयार करने में लगभग 15 मिनट का समय लगता है तथा 15 मिनट में इसे बनाया जा सकता है। यह रेसिपी दो लोगों के लिए उपयुक्त है।



श्वेता ईनाणी
उदयपुर
फूड ब्लॉगर
@padmavatmedia.in



### आवश्यक सामग्री

एक कटोरी सूजी, आधी कटोरी बेसन, एक कटोरी पालक का पेस्ट, बारीक कटा प्याज, बारीक कटा टमाटर, कद्दूकस की हुई गाजर, अमेरिकन कॉर्न, दो हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, चीज क्यूब, नमक स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर, थोड़ा तेल, दही एवं टोमेटो सॉस।

### बनाने की विधि

सबसे पहले पालक को अच्छी तरह धोकर मिक्सर में पीसकर उसका पेस्ट तैयार करें। इसी पेस्ट में हरी मिर्च, अदरक और हरा धनिया भी मिलाकर बारीक पीस लें। एक बड़े बाउल में सूजी और बेसन लेकर उसमें तैयार पालक पेस्ट मिलाएं तथा आवश्यकता अनुसार पानी डालकर घोल तैयार करें। स्वादानुसार नमक मिलाकर घोल को कुछ समय के लिए रख दें। इसके बाद घोल में ईनो डालकर अच्छी तरह मिलाएं। नॉन-स्टिक तवे पर हल्का तेल लगाकर तैयार घोल से छोटे-छोटे मिनी डोसे बनाएं। एक तरफ से सुनहरा होने पर पलट दें। अब डोसे के ऊपर कद्दूकस किया हुआ चीज, प्याज, टमाटर, गाजर, कॉर्न, थोड़ा नमक और लाल मिर्च पाउडर डालें। ढक्कन लगाकर कुछ देर तक पकाएं, ताकि चीज अच्छी तरह मेल्ट हो जाए और सभी सामग्री पक जाए।

### स्वाद और सेहत से भरपूर

तैयार पालक चीज कॉर्न मिनी डोसा बच्चों और बड़ों दोनों के लिए स्वादिष्ट एवं पौष्टिक विकल्प है। इसे गर्मागर्म दही या टोमेटो सॉस के साथ परोसा जा सकता है। फूड ब्लॉगर श्वेता ईनाणी का कहना है कि यह रेसिपी स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखती है और बच्चों को हरी सब्जियां खिलाने का एक बेहतरीन तरीका है।

# सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: 75 करोड़ रुपये के CREST फंड घोटाले में आईएफएस अधिकारी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**चंडीगढ़।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी (CREST) से जुड़े लगभग 75 करोड़ रुपये के फंड गबन मामले में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। आरोपी उस समय CREST के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर कार्यरत थे।

सीबीआई के अनुसार जांच के दौरान नवनीत श्रीवास्तव की भूमिका सामने आने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विशेष सीबीआई न्यायालय, चंडीगढ़ में पेश किया गया, जहां से तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

जांच में खुलासा हुआ कि CREST के आईडीएफसी बैंक, चंडीगढ़ में संचालित तीन बैंक खातों में जमा सरकारी धनराशि को फर्जी तरीके से विभिन्न शेल कंपनियों में स्थानांतरित किया गया और बाद में उसका निजी लाभ के लिए उपयोग किया गया। इस पूरे घोटाले से उफ्रएरळ को लगभग 75 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई जांच में यह भी सामने आया कि अपराध से अर्जित राशि का एक हिस्सा एक निजी कंपनी के खाते में भेजा गया, जहां आरोपी की पत्नी और एक करीबी रिश्तेदार निदेशक के पद पर हैं। एजेंसी इस वित्तीय लेनदेन और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। मामले में इससे पहले CREST के तत्कालीन परियोजना निदेशक सुखविंदर सिंह अबरोल तथा लेखाकार साहिल कुक्कड़ को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है और वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने यह मामला चंडीगढ़ के आर्थिक अपराध थाना से अपने हाथ में लिया था। हाल ही में एजेंसी ने इस प्रकरण में पहली चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें निजी बैंक के पांच अधिकारियों, उफ्रएरळ के दो लोक सेवकों, दो शेल कंपनियों, उनके तीन साझेदारों/निदेशकों तथा एक निजी व्यक्ति सहित कुल 13 आरोपियों को नामजद किया गया था। सभी आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और फंड गबन में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। एजेंसी ने भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अपराधों के मामलों में निष्पक्ष और त्वरित जांच के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# जयसमंद की ऐतिहासिक पाल पर गूंजेगा योग का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को विश्व प्रसिद्ध जयसमंद झील की ऐतिहासिक पाल पर जिला स्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन सलूम्बर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं आमजन सहभागिता करेंगे। नोडल प्रभारी डॉ. जितेन्द्र जोशी ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। जयसमंद की ऐतिहासिक पाल पर आयोजित यह योग कार्यक्रम जिले का मुख्य आयोजन होगा, जहां सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सलूम्बर शहर स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सलूम्बर में आयोजित होगा, जिसमें शहरवासी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास कराया जाएगा। योग विशेषज्ञ प्रतिभागियों को नियमित योग के महत्व तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी भी देंगे। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।



## जैसलमेर साइबर क्राइम थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

# जिला कलेक्टर की एसएसओ आईडी से छेड़छाड़ कर सरकारी योजनाओं में धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जैसलमेर।** जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक गंभीर साइबर धोखाधड़ी मामले का खुलासा करते हुए जिला कलेक्टर जैसलमेर की एसएसओ आईडी से छेड़छाड़ कर सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी को झालावाड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा एसएसओ आईडी में अपना मोबाइल नंबर लिंक कर कूटरचित दस्तावेज अपलोड किए गए थे। मामले में विस्तृत अनुसंधान जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेवंतदान एवं वृत्ताधिकारी रूपसिंह इंदा के सुपरविजन में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी की पहचान की गई और पुलिस टीम ने झालावाड़ पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार साइबर क्राइम थाने में दर्ज प्रकरण में सामने आया कि अज्ञात व्यक्ति ने जिला कलेक्टर जैसलमेर की एसएसओ आईडी में अनधिकृत रूप से लॉगिन कर उसमें अपना मोबाइल नंबर लिंक कर दिया था। इसके लिए आरोपी ने डीओआईटी विभाग को ई-मेल भेजकर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किया। इसके बाद आरोपी ने सरकारी योजनाओं और पोर्टलों तक पहुंच बनाने का प्रयास किया।




जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान निधि, जनआधार पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आपदा प्रबंधन विभाग पोर्टल तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों की जानकारी प्राप्त कर उनके बैंक खातों की जगह अपने बैंक खातों की जानकारी जोड़कर राशि हड़पने की योजना बना रहा था। मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार तंवर पुत्र चैनसिंह तंवर उम्र 25 वर्ष निवासी खाती का पूरा, छोड़ालिया, थाना मनोहरथाना, जिला झालावाड़ के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह विभिन्न अधिकारियों की एसएसओ आईडी में लॉगिन कर सरकारी योजनाओं से जुड़ी वित्तीय जानकारी हासिल करता था। उसका उद्देश्य लाभार्थियों की सहायता राशि को अपने बैंक खातों में स्थानांतरित कर अवैध आर्थिक लाभ कमाना था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह राजस्थान के अन्य जिलों के अधिकारियों की एसएसओ आईडी को भी निशाना बनाने की योजना बना रहा था।

पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि उसने अब तक कितनी आईडी से छेड़छाड़ की और कितने लोगों को नुकसान पहुंचाया। मामले में साइबर अपराध से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच जारी है।

# ग्रामीण सेवा शिविरों से आमजन को राहत, समस्याओं का मौके पर समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में जिलेभर में आयोजित शिविरों में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

मावली उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोयणा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। शिविर में ई-धरती पोर्टल के तहत 10 नामांतरण, आपसी सहमति से 4 प्रकरणों का निस्तारण, 18 राजस्व अभिलेखों एवं खातों का शुद्धिकरण तथा 3 रास्तों से जुड़े प्रकरणों का समाधान किया गया। इसके अलावा 45 पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाड़िया, तहसीलदार दिनेश कुमार यादव, विकास अधिकारी शैलेन्द्र पी. खींची सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






### गीता देवी को मिला आवासीय भूमि का पट्टा

ग्राम पंचायत फलासिया में आयोजित शिविर में महुदरा निवासी गीता देवी पत्नी पन्नालाल पटेल ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन किया था। शिविर के दौरान नियमानुसार कार्रवाई करते हुए राजस्व ग्राम महुदरा के खसरा संख्या 370 की आबादी भूमि में ग्राम पंचायत की ओर से आवासीय पट्टा जारी किया गया। पट्टा प्राप्त होने पर गीता देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

# सलमान खान ही बिग बॉस 20 होस्ट करेंगे



21 सितंबर से शुरू कर सकते हैं शूटिंग
रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन के लिए सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी करेंगे। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वह 21 सितंबर से नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इससे पहले सलमान खान डायरेक्टर वामसी पेडिपल्ली की आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा करने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी। सूत्र के मुताबिक, एक्टर की टीम उनकी शूटिंग और शो के शेड्यूल को कोऑर्डिनेट करने में बिजी है। 'बिग बॉस 20' के लिए शॉर्टलिस्टिंग और ऑडिशन जल्द शुरू होने की उम्मीद है। सूत्र का कहना है कि शो के मेकर्स ने कई जाने-माने टीवी पर्सनैलिटीज से संपर्क किया है और शुरुआती बातचीत चल रही है। रियलिटी शो के कुछ कंटेस्टेंट्स को नए सीजन के लिए भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। यह पहल ह्ढ्ढ दर्शकों के एंगेजमेंट को देखते हुए की जा रही है। इसके अलावा, शो के कुछ पुराने कंटेस्टेंट्स भी वापस आ सकते हैं।

**टीवी अभिनेत्री सुरभि ज्योति मां बन गई हैं। उन्होंने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। इस खुशखबरी को सुरभि ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर कर उन्हें खुश कर दिया है।**

# हमारी बेटी आ गई

● 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि ज्योति; फैंस के साथ शेयर की खुशखबरी



टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित।

### ❤ सेलेब्स ने दी बधाई

सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।

### ❤ सुरभि और सुमित की शादी

सुरभि ने 27 अक्तूबर 2024 को अभिनेता सुमित सूरी से शादी की थी। शादी के दो साल बाद अब यह कपल एक बेटी के माता-पिता बने हैं। सुरभि को सुपरहिट शो 'कुबूल है' में 'जोया फारूकी' और धारावाहिक 'नागिन 3' में 'बेला' की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।

मौनी रॉय बोलीं-

# सबसे अजीब अफवाह थी मैं गे हूं

● सेक्शुअलिटी की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी, मुश्किल समय में दोस्तों के सपोर्ट का किया जिक्र





मौनी रॉय ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुश्किल समय में दोस्तों का साथ सबसे जरूरी होता है। एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी सोशल मीडिया चर्चाओं और अफवाहों पर खुलकर बात की। मोनिका शर्मा के डिजिटल टॉक शो में उनसे पूछा गया कि बॉलीवुड में आने के बाद उन्होंने अपने बारे में सबसे अजीब अफवाह कौन-सी सुनी। इस पर मौनी ने जवाब दिया, 'यह कि मैं गे हूं। मौनी ने इस सवाल का जवाब हल्के अंदाज में दिया और साफ किया कि वह ऐसी अटकलों को गंभीरता से नहीं लेतीं। पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी चर्चा में रही है और सोशल मीडिया पर उनके रिश्तों व दोस्ती को लेकर कई तरह के अनुमान लगाए जाते रहे हैं। एक्ट्रेस ने युवा महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उनके मुताबिक आत्मनिर्भरता सिर्फ करियर नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से भी जुड़ी होती है। मौनी ने कहा कि लोगों की राय और सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन सबसे जरूरी खुद को समझना और अपने फैसलों पर भरोसा रखना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाना चाहिए और अपनी पहचान किसी बाहरी धारणा से तय नहीं होने देनी चाहिए। मौनी का यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा में है और लोग उनकी बेबाकी व आत्मनिर्भरता के संदेश पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# 'कुमकुम भाग्य' की एक्ट्रेस संचिता उगले ने की आत्महत्या

■ जांच में जुटी पुलिस




**टीवी** अभिनेत्री संचिता उगले की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि 22 साल की उम्र में उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना 14 जून की शाम को उनके नालासोपारा ईस्ट के आचोले गांव के साईं संतोषी बिल्डिंग वाले घर में हुई। संचिता ने अपने बेडरूम में अंदर से दरवाजा बंद करके सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत उन्हें वसई-विरार म्युनिसिपल हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आचोले पुलिस स्टेशन के एएसआई विनोद बाघ ने बताया कि संचिता ने शाम 7 बजे से 7:30 बजे के बीच यह कदम उठाया। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता मछिंदा उगले की शिकायत के आधार पर 15 जून को आचोले पुलिस स्टेशन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना हैं कि आत्महत्या के पीछे का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। हरसंभव पहलू से जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आएगी। संचिता उगले धीरे-धीरे टीवी इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रही थीं। उन्हें सबसे ज्यादा पहचान लोकप्रिय जी टीवी सीरियल 'कुमकुम भाग्य' में दिया टंडन के रोल से मिली।

इस सीरियल में काम करना उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। संचिता ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि इस शो ने उन्हें न सिर्फ नाम दिया बल्कि उनके परिवार का भी पूरा समर्थन मिला। 'कुमकुम भाग्य' के अलावा संचिता ने 'वागले की दुनिया' में रुचिता जेटली का किरदार निभाया। बाद में वे दंगल के टीवी शो 'दिलवाली दुल्हा ले जाएगी' में मुख्य भूमिका सुकून के रूप में नजर आईं। संचिता उगले ने टीवी के साथ-साथ फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में उन्होंने तारा रानी के छोटे वर्जन का रोल प्ले किया। इसके अलावा, मनोज बाजपेयी की 'साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट' फिल्म में भी उनकी भूमिका अहम रही।

# अजय देवगन ने 'धमाल 4' के लिए वसूली मोटी फीस

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की अगली फिल्म 'धमाल 4' है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. 10 जुलाई को उनकी फिल्म रिलीज होने वाली है और बीते दिन ही फिल्म का ट्रेलर आया था. अजय देवगन, जावेद जाफरी, अरशद वारसी, रितेश देशमुख समेत कई स्टार्स फिल्म का हिस्सा हैं. अब जानिए फिल्म के लिए किसने ज्यादा फीस ली है? अजय देवगन की इस साल अबतक कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है. जी हां, वो 'धमाल 4' से वापस लौट रहे हैं, पर फिल्म 10 जुलाई, 2026 को आएगी. जिसका बीते दिन ट्रेलर आया है. पिक्चर में अजय देवगन, अरशद वारसी, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और रितेश देशमुख हैं. वहीं दो टीवी एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं. इंद्र कुमार ने फिल्म को डायरेक्ट किया है और अजय देवगन ही इस फिल्म पर पैसा भी लगा रहे हैं. इसी बीच फिल्म के स्टार कास्ट की फीस सामने आ गई है. कहा जा रहा है कि अजय देवगन को फिल्म के लिए 40 करोड़ रुपये फीस मिली थी. हालांकि, वो इसे पहले ही कम कर चुके हैं. लेकिन फिर भी दूसरे एक्टर्स से ज्यादा पैसे ले रहे हैं. कुछ वक्त पहले ही भूषण कुमार ने बताया था कि अजय देवगन ने अपनी फीस कम की है, क्योंकि फिल्म का कॉस्ट बढ़ गया था. एक्टर चाहते थे कि फिल्म बिना किसी परेशानी के कंप्लीट हो जाए, इसलिए बजट बढ़ते ही यह फैसला कर लिया था. हालांकि,वो बतौर प्रोड्यूसर भी पिक्चर से जुड़े हैं, तो प्रॉफिट शेयरिंग पर भी डील कर रहे होंगे. अगर बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छी कमाई करती हैं, तो अजय देवगन के जेब में सबसे ज्यादा पैसे आएंगे. बाकी स्टार कास्ट को कितनी फीस मिली है?

सिर्फ अजय देवगन ही 'धमाल 4' में कॉमेडी और मस्ती का तड़का नहीं लगाने वाले हैं. जी हां, उनके अलावा फिल्म में रितेश देशमुख और अरशद वारसी भी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर्स ने इस फ्रेंचाइज के अगले पार्ट के लिए 10 करोड़ रुपये फीस ली है. जो कि काफी ज्यादा है और फिल्म के लिए उन्हें पूरा-पूरा फायदा भी हो रहा है. जबकि, इस बार रवि किशन भी फिल्म का हिस्सा हैं और वो विलेन का रोल कर रहे हैं. ट्रेलर देखकर पता लगा कि DHAMAAL 4 में एक्टर को काफी स्क्रीन टाइम मिला है. जिसके लिए वो भी 10 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं. वहीं, फिल्म में संजय मिश्रा भी हैं, जिन्हें अजय देवगन की धमाल 4 के लिए 3 करोड़ रुपये मिले हैं. वहीं, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता ने पिक्चर के लिए 2 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं. दरअसल इस फिल्म से फैन्स को काफी उम्मीदें हैं, लेकिन ट्रेलर ने लोगों को खास इम्प्रेस नहीं किया है.




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 में आकांक्षा रंजन कपूर ने छोड़ी गहरी छाप

**मुंबई** एक छोटी लेकिन यादगार भूमिका से शुरू हुआ उनका सफ़र अब एक अहम किरदार में बदल गया है। ग्राम चिकित्सालय सीज़न 2 का ट्रेलर आ चुका है और आकांक्षा रंजन कपूर इस नए सीज़न की मुख्य ताकतों में से एक हैं – यह दिखाता है कि पहली बार में ही उनकी परफॉर्मेंस दर्शकों को कितनी पसंद आई थी। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली ग्राम चिकित्सालय को झारखंड के भातखंडी में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के ईमानदार और असल चित्रण के लिए तारीफ़ मिली। सीज़न 1 में, जहाँ दर्शकों को डॉ. प्रभात (अमोल पाराशर द्वारा निभाया गया किरदार) के आदर्शवादी संघर्षों से परिचित कराया गया, वहीं आकांक्षा की डॉ. गार्गी ने भी सबका ध्यान खींचा। कम समय के लिए स्क्रीन पर आने के बावजूद, उन्होंने एक स्थानीय डॉक्टर की भूमिका में अधिकार और भावनात्मक समझ दिखाई –एक ऐसी डॉक्टर जो सिस्टम को समझती है क्योंकि उसने खुद उसे जिया है। प्रभात की पेशेवर साथी और नैतिक मार्गदर्शक के तौर पर, डॉ. गार्गी की मौजूदगी ने कहानी को मज़बूती दी – और दर्शकों को और भी देखने की इच्छा जगाई। दर्शकों की प्रतिक्रिया तेज़ और ज़बरदस्त थी।

**दर्शकों ने की जमकर तारीफ**





12 शॉर्ट फिल्मों और 2 स्टिल शूट के बाद

# अमिताभ बोले-काम तो काम है

**महानायक** अमिताभ बच्चन ने एक ही दिन में 12 शॉर्ट फिल्मों की शूटिंग पूरी की, दो स्टिल फोटोशूट किए और इसके बाद अपने प्रशंसकों के लिए ब्लॉग भी लिखा। यह जानकारी उन्होंने स्वयं दी। अमिताभ अपने फैंस को प्यार से अपना एक्सटेंडेड फैमिली (ईएफ) कहते हैं। अभिनेता ने अपने ब्लॉग में लिखा कि काम ही काम है और लोगों से जुड़े रहने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर लिखा, 'काम तो काम है ... काम तो काम है ... काम तो काम है... !!! आज 12 शॉर्ट फिल्में शूट कीं, 2 स्टिल शूट किए और अब आप लोगों के लिए काम कर रहा हूं। बिना किसी देरी के जुड़े रहने का यह सिलसिला ही आज का काम है। बाकी सब तो चलता रहेगा। यह नहीं रुकना चाहिए। ब्लॉगिंग के शौकीन अमिताभ ने आगे लिखा कि काम के दिन से पहले पूरी तैयारी के साथ पढ़ाई और अभ्यास करना चाहिए तथा परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'पूरी लगन से अध्ययन करना चाहिए। काम वाले दिन से पहले पूरी तैयारी करनी चाहिए और परिस्थितियों या हालात से कभी समझौता नहीं करना चाहिए चाहे एयर कंडीशंड पायजामा ही क्यों न पहन रखा हो। अमिताभ बच्चन इन दिनों निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस पौराणिक साइंस-फिक्शन फिल्म में प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।